## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र की दीवार पर पेंटिंग कर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सामने वाल आफ डेमोक्रेसी (लोकतंत्र की दीवार) पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालयों के कैंपस एंबेसडर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होकर मतदान करने की अपील गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने प्रतिभागियों के बीच पहुंचकर उनका उत्साह वर्धन किया और सभी मतदाताओं से 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप की नोडल अधिकारी सुश्री संजना जैन,डीपीओ सौरभ सिंह,नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर भूपेंद्र देव परमार,सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी,एनएसएस प्रभारी डॉ.क्रान्ति मिश्रा, कैम्पस एम्बसेडर नेहा पाण्डेय,अर्चना कुशवाहा, दीपक मिश्रा,लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,अतुल कुशवाहा तथा ध्रुव दहिया सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कलेक्टर मैहर और एसपी ने मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदान 26 अप्रैल को किया जायेगा। इस संबंध में मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधाओं को देखते हुये आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। सोमवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मतदान केन्द्रों पर बुनयादी सुविधायें जैसे रैम्स,बिजली,पानी, छाया,भवन की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर और एसपी ने ग्राम पंचायत जरियारी में स्थित पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते हुये केंद्र की भौतिक स्थिति, आवागमन के मार्ग सहित केंद्र में प्रकाश,पेयजल व्यवस्था के संबंध में पटवारियों और बीएलओ से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील और वर्नरेबल क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने के साथ ही मतदाताओं को डराने,धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतों अथवा सूचनाओं पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

### पोस्टल बैलेट की मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 प्लस आयु वर्ग और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं द्वारा घर से मतदान सुविधा चाहने वाले मतदाताओं को सोमवार को मतदान दलो द्वारा होम वोटिंग कराई गई। मैहर विधानसभा के ग्राम पोंड़ी में चल रही होम वोटिंग प्रक्रिया का सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होने 101 वर्षीय वृद्ध महिला श्रीमती कोली कुशवाहा की वोटर आईडी और मतदान पर्ची का मिलान भी किया।

## गोरइया गढ़ी में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, 5 गिरफ्तार

# सोने-चांदी के गहने और नकदी बरामद

कोटर थाना पुलिस ने गोरइया गढी में पिछले दिनों हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने इस सिलसिले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने चोरी किए गए सोने चांदी के जेवर भी बरामद कर लिए हैं।

**सतना।**



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी की मुताबिक 4 अप्रैल को फरियादी शान्तनु प्रताप सिंह पिता देवेन्द्र प्रताप सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम गोरैया ने रिपोर्ट किया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे घर के कमरे का कुंदा तोड़कर घर में रखे सोने चांदी के समान एवं नगदी रुपये चुरा ले गये जिस रिपोर्ट पर शाना कोटर में अप.क.117/24 धारा 457,380 ताहि का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो की पता तलाश की गयी। जिसमे मुख्य आरोपी भाग निकला किन्तु शेष 05आरोपी सत्यभान केवट उर्फ कोदू केवट,विजय केवट श्रीमती गोपिका केवट,रोहित केवट, मोहन उर्फ मनमोहन के कब्जे से सोने चांदी के जेबरात एवं नगदी रुपये कुल 1,12,600 रुपये का सामान बरामद कर लिया गया है तथा उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया न्यायालय से जेल वारण्ट मिलने पर सभी पांचो आरोपियों को केन्द्रीय जेल सतना भेजा गया।

### गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम और पते

सत्यभान केवट उर्फ कोटू केवट पिता स्व.ललुआ केवट उम्र 23 वर्ष,विजय केवट पिता राम किशोर केवट उम्र 23 वर्ष,श्रीमती गोपिका केवट पति स्व.ललुआ केवट उम्र 63 वर्ष तीनो निवासी ग्राम हटमा नदीतीर थाना अमरपाटन जिला मैहर,मोहन उर्फ मनमोहन उम 30 वर्ष केवट पिता शंकर केवट और रोहित केवट पिता रामाधार केवट उम्र 29 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गोरइया थाना कोटर है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रवीन्द्र द्विवेदी,उप निरीक्षक अजीत सिंह सहायक उप निरीक्षक दीपेश सिंह प्रधान आरक्षक संदीप तिवारी (सायबर सेल) उप निरीक्षक बीएस तोमर,सहायक उप निरीक्षक बीरेन्द्र चौबे,नरेश सिंह,प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सेन,वीरेन्द्र शुक्ला, बाबू सिंह यादव,आर.विपीन व्दिवेदी,राजकुमार गिरी,दिलीप यादव,अभय सिंह, श्याम मीना मआर अर्चना,ज्योति,मंजू,मनीषा सैनिक अजय शुक्ला आदि की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है।

## सप्तमी के दिन मैहर में माता के दरबार में उमड़ी भीड़ एक लाख से अधिक भक्तों ने की पूजा अर्चना



**सतना।**

मैहर में चल रहे चैत्र नवरात्रि मेला में सप्तमी तिथि को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन और पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में भक्तों की लम्बी कतारें समाचार लिखे जाने तक लगी हुई थीं। माता के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी था। अनुमान है कि पट बंद होने तक करीबन डेढ़ लाख से अधिक भक्त शारदा मां की ड्योढ़ी पर मत्था टेकने पहुंचेंगे।

### मां कालरात्रि की हुई पूजा

चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन,भद्रावास योग में मां कालरात्रि की पूजा की गई। भक्तों ने मां के आशीर्वाद के लिए उपवास रखकर मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा की। ऐसी मान्यता है कि देवी कालरात्रि की पूजा करने से उपासक को कई आशीर्वाद और सिद्धियां प्राप्त होती हैं। मां दुर्गा का ये रूप दुष्टों का विनाश करने के लिए जाना जाता है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार,मां दुर्गा के कालरात्रि ने असुरों का वध करने के लिए रूप लिया था। मां कालरात्रि को लेकर यह भी मान्यता है कि इनकी पूजा करने से भूत-प्रेत या बुरी शक्ती का डर नहीं सताता है। मां कालरात्रि की छवि उनके नाम के अनुसार है। मां के तीन नेत्र हैं। मां के चार हाथ हैं जिनमें दो हाथों में खडग़ और कांटा है। वहीं,बाकी दो हाथों में वर देने की और दूसरे हाथ अभय मुद्रा में है। मां की सवारी कवर्ध यानी गधा है। पौराणिक शास्त्रों की मानें तो रक्तबीज नामक राक्षस के वध करने के लिए मां ने ऐसा रूप रखा था। धार्मिक शास्त्रों की मानें तो मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना करने से साधक को सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। तंत्र-मंत्र के साधक मां कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा करते हैं। साथ ही मां कालरात्रि की आराधना करने से व्यक्ति को भय से मुक्ति मिलती है।

## उपभोक्ताओं के घर से लिये जायेंगे पेयजल के नमूने





**सतना।**

नगर निगमायुक्त डॉ.शेर सिंह मीना द्वारा शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जल संशोधन यंत्रालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल संशोधन यंत्रालय में स्थित पेयजल की प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत निर्देशित किया गया कि 41 एमएलडी फिल्टर प्लांट से आपूर्ति होने वाले पेयजल के प्रतिदिन 15 नमूने उपभोक्ता के घर से लिये जायें। जिन उपभोक्ताओं के घर से नमूने लिये जाये उनके नाम पते विधिवत दर्ज किये जायें एवं उसकी रिपोर्ट प्रतिदिन सायं को पेयजल की व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रदर्शित की जाये। इसी तरह बैक्टीरिया टेस्ट के प्रतिदिन 6 नमूने एकत्रित किये जायें एवं इसकी भी रिपोर्ट ग्रुप में प्रदर्शित की जाये। आयुक्त द्वारा फिल्टर प्लांट में स्थापित स्कॉडा सिस्टम को भी और अधिक प्रभावी बनाये जाने के निर्देश दिये गये।ताकि पेयजल का अपव्यय रोका जा सके। साथ ही साथ पानी की आपूर्ति निर्धारित समय पर हो सके। आयुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना के निक्षेप कार्य से चल रहे फिल्टर प्लांट सुदृढ़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत निर्देशित किया गया कि इस कार्य तीव्र गति से कराया जाये,ताकि कार्य समय से पूर्ण हो सके एवं शहर को इसका लाभ प्राप्त हो सके। वर्षा पूर्व नाले-नालियां साफ कराने दिये निर्देश-आयुक्त द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत मार्तण्ड काम्प्लेक्स के आसपास के क्षेत्रों में कचरे के ढेर पाये गये। साथ ही साथ शहर के आंतरिक भागों की सफाई प्रभावी ढंग से नहीं पाई गई। डाली बाबा रामलीला मैदान के पीछे नाले में काफी अधिक मिट्टी पाई गई। इस संबंध में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं निगम के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वर्षा पूर्व सभी नाले-नालियों को सफाई करायी जाये। शहर की आंतरिक भागों की सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। रैमकी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया है कि निगम द्वारा एकत्रित कचरे को समय पर उठवाया जाये। शहर में कहीं भी एकत्रित कचरे के ढेर अधिक समय तक न रखा रहे। यह सुनिश्चित करें,ताकि शहर साफ-स्वच्छ रह सके।

## मालगाड़ियों से लोडिंग अनलोडिंग बढ़ाने की संभावना तलाशने सतना पहुंचे रेल अफसर



### सीसीएम मार्केटिंग ने सतना जंक्शन की सभी साइडिंग का किया निरीक्षण

**सतना।**

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के सीसीएम (मार्केटिंग) बृजेन्द्र कुमार सोमवार सुबह सतना जंक्शन का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म एवं सर्कुलेटिंग एरिया का अवलोकन करने के उपरांत सीसीएम सतना साइडिंग,प्रिज्म सीमेन्ट फैक्ट्री के मनकहरी साइडिंग,मैहर सीमेन्ट,रिलायंस सीमेन्ट फैक्ट्री, केजेएस सीमेन्ट सहित अन्य वृहद उद्योगों के साइडिंग का निरीक्षण करने रवाना हो गये। उनके साथ मंडल से आये सीसीआई एवं रेलवे वाणिज्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी थे। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीसीएम मार्केटिंग सतना जंक्शन में मालगाडिय़ों से माल का लोडिंग अनलोडिंग बढ़ाने तथा रेलवे का राजस्व बढ़ाने का रास्ता खोजने आये हैं। बताया गया कि सीसीएम द्वारा औद्योगिक प्रबंधनों के साथ रेल परिवहन बढ़ाने के संबंध में चर्चा की जाकर विभाग द्वारा उनको उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं एवं छूटों के बारे में जानकारी भी दी गयी। उल्लेखनीय है कि विन्ध्य क्षेत्र में सतना जिला जहां प्रचुर मात्रा में खनिज एवं सीमेन्ट-चूना पत्थर,गेरू रामरज की उपलब्धता के कारण देश भर में विख्यात है। वहीं आधा दर्जन से अधिक सीमेन्ट उद्योगों ने जिले को सीमेन्ट हब के रूप में स्थापित कर दिया है। सीमेन्ट एवं अन्य खनिज उत्पादों के परिवहन हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के सतना जंक्शन में भारी सुविधायें उपलब्ध हैं। इसके बावजूद जिले की फैक्ट्रियों द्वारा उत्पादित सीमेन्ट का अधिकांश परिवहन सड़क मार्ग से ट्रकों के द्वारा किया जा रहा है। रेल मंत्रालय द्वारा विभाग की परिवहन सुविधाओं में क्षमताओं का भरपूर उपयोग करने के निर्देश सभी मंडलों के वाणिज्यिक अधिकारियों को दिये गये हैं। जिसके चलते सीसीएम मार्केटिंग बृजेन्द्र कुमार आज सतना जंक्शन के दौरे पर पहुंचे। रेल विभाग के अधिकारियों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि स्थानीय उद्योगों के उत्पादों के लोडिंग अनलोडिंग से रेलवे को सतना जं शन से प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये की अतिरिक्त आमदनी हो सकती है। सीसीएम मार्केटिंग ने सतना जंक्शन की सभी साइडिंग का किया निरीक्षण





## घर-घर वोटिंग कराने 65 मतदान दल रवाना

**सतना।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुपस्थित श्रेणी के निर्वाचको अर्थात 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) मतदाताओं को इस बार भी पोस्टल बैलेट की सुविधा मुहैया कराई गई है। निर्वाचन आयोग की इस सुविधा से अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता चाहने पर घर बैठे अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट कर सकेंगे। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में 15 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के लिये कुल 65 मतदान दल गठित किये गये हैं। इन सभी 65 मतदान दलों के कर्मचारियों को आवश्यक चुनाव सामग्री के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से निर्धारित वाहनों में रवाना किया गया। रुट चार्ट के अनुसार अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के घर-घर जाकर यह मतदान दल डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करवायेंगे। इन मतदान दलों में 2 मतदान अधिकारी 1 माइक्रोआब्जर्वर,1 सुरक्षा अधिकारी और 1 वीडियोग्राफर भी शामिल किया गया है। पूरे मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,एसडीएम राहुल सिलाढ़यिा,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी ने 65 मतदान दलों को सामग्री देकर गंतव्य के लिए रवाना किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि डाकमत पत्र के माध्यम से घर से ही मतदान करने की दी गई सुविधा के मुताबिक सतना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल सात विधानसभा क्षेत्र के ऐसे 1 हजार 204 मतदाताओं से मतदान कराने के लिये मतदान दल पहले चरण में 15 और 16 अप्रैल को उनके घर पहुंचेंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना लोकसभा क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी श्रेणी के ऐसे 493 और 85 प्लस श्रेणी के 711 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिये कुल 65 मतदान दल गठित किये गये हैं। रुट चार्ट के अनुसार 15 अप्रैल को सभी 65 मतदान दल तथा 16 अप्रैल को 27 मतदान दल अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के घर वोटिंग कराने के लिये पहुंचेंगे।



## लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं मतदाता

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत खेला गया मैत्री क्रिकेट मैच

**सतना।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उचेहरा में स्वीप इलेवन और एसडीएम इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये स्वीप इलेवन ने 12 ओवर में 6 विकेट पर 90 रन बनाये। जिसके जवाब मे एसडीएम इलेवन टीम ने 8 विकेट गंवाते हुये 70 रन बनाये। इस प्रकार स्वीप इलेवन ने एसडीएम इलेवन के विरुद्ध 20 रन से मैच जीत लिया। समापन अवसर पर एसडीएम सुधीर बैक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिये 26 अप्रैल को मतदान किया जाना है। सभी मतदाताओं से अपील है कि अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करते हुये अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभायें। लोकतंत्र में मतदाता सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। इस अवसर पर एसडीएम उचेहरा सुधीर बैक, प्रभारी खेल अधिकारी सीईओ जनपद प्रभा तेकाम, सीएमओ लखनलाल ताम्रकार, सीडीपीओ रजनीकांत शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वीप गतिविधियों के क्रम में सोमवार को जिलेभर में विभिन्नि गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें न्यू देवराजनगर में बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### विनोद सिंह चौहान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की अज्ञात वाहन से हुई टक्कर, मौत



**पन्ना।** सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थानान्तर्गत बराछ चौकी के अंतर्गत एक तेज रफ्तार फोर व्हीलर वाहन ने बाइक सवार श्री विनोद सिंह चौहान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जो कृषि विभाग में पदस्थ होकर कार्यरत थे जिनका दुखःद निधन का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फोर व्हीलर वाहन की टक्कर से गंभीर हालत में श्री चौहान को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने श्री चौहान को मृत घोषित कर दिया। 62 वर्षीय श्री चौहान ग्वालियर जिले के निवासी है अभी हाल ही में मई माह में उनकी सेवा निवृत्ति पूर्ण हो रही थी कि उसके पहले ही दुर्घटना ने उनकी जान ले ली। श्री चौहान की 31 मई 2024 को अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर रहे थे उनके शव को शव गृह में रख दिया गया है। उनके परिजनों का इंतजार किया जा रहा है उनके आने के उपरांत ही श्री चौहान का पोस्टमार्टम हो सकेगा।

### 20 से 22 अप्रैल तक पीव्हीसी में कर सकेंगे मतदान

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आवश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाताओं को डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीव्हीसी) स्थापित कर सामान्य मतदान की नियत तिथि से तीन दिवस पूर्व तक संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में पीव्हीसी स्थापित किया गया है। निर्धारित तिथि तक फॉर्म 12 डी भरकर जमा कराने एवं सहमति प्रदान करने वाले आवश्यक सेवाओं से संबंधित लोकसेवक और पत्रकारगण पीव्हीसी में पहुंचकर मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने पीव्हीसी के लिए मतदान दल की ड्यूटी भी निर्धारित की है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा को पीठासीन अधिकारी एवं एव्हीएफओ रमेशचन्द्र लखेरा को मतदान अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता ताम्रकार को अनुप्रमाणन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। पोस्टल वोटिंग सेन्टर 20 से 22 अप्रैल तक कुल तीन दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित रहेगा।

### डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र स्थापित

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र मुख्यालय पन्ना में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 21 में स्थापित सुविधा केन्द्र के लिए मतदान दल भी गठित किया गया है। दल में सहायक प्राध्यापक अंकिता सोनी को अनुप्रमाणन अधिकारी, सहायक शिक्षक मुन्नालाल मिश्रा को पीठासीन अधिकारी और माध्यमिक शिक्षक राकेश तिवारी को मतदान अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र 23 से 25 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित रहेगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर सुविधा केन्द्र पहुंचकर संबंधित लोकसेवक द्वारा मतदान किया जा सकेगा।

### अमानगंज पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी, मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार अमानगंज थाना पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ठेका के सामने अवैध शराब लिए कहीं ले जाने की फिराक में खड़ा है, सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने बताए स्थान शराब ठेका के सामने पहुंच कर देखा तो एक व्यक्ति रोड तरफ आते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा और नाम पूछा तो युवक ने अपना नाम राहुल राय पिता पप्पू राय उम्र 27 साल निवासी दारू ठेका अमानगंज का होना बताया जिसके कब्जे से खाकी रंग की पेटी जिसमें 40 क्वार्टर देसी शराब प्लेन मदिरा के रख पाए गए शराब के लाइसेंस के बारे में पूछा तो उसने कोई लाइसेंस न होना बताया आरोपी के कब्जे से 40 क्वार्टर देसी शराब जिसकी कीमत 4000 रुपए बताई गई ।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में विलुप्त काला भेड़िया देखा गया

बाघों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश का पन्ना टाइगर रिज़र्व फिर चर्चा में है। यहाँ के बफर क्षेत्र में पहली बार काला भेड़िया देखा गया है, जो वन्य जीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विभिन्न प्रजाति के शाकाहारी व मांसाहारी वन्य जीवों के घर पन्ना टाइगर रिज़र्व की विशिष्ट पहचान इसीलिए है क्योंकि यहाँ का मौसम भी विविधता से परिपूर्ण (4 से 48 डिग्री सेल्सियस) रहता है।





**पन्ना।**

जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिज़र्व में जहाँ बाघ, तेंदुआ, भालू सहित विभिन्न प्रजाति के मांसाहारी वन्य प्राणियों के साथ चीतल, सांभर, चिंकारा व चौसिंगा जैसे शाकाहारी वन्य जीव प्रचुर संख्या में पाये जाते हैं, वहीं यहाँ पर विलुप्तप्राय दुर्लभ काले भेड़यि की भी मौजूदगी के सबूत मिले हैं। काले भेड़यि पन्ना टाइगर रिज़र्व के किशनगढ़ बफ़र के जंगल से गुजरने वाले हाइवे के पास देखे गए हैं, जो निश्चित ही ख़ुशी की बात है। मालुम हो की अगस्त 2021 में पन्ना टाइगर रिजर्व में फिशिंग कैट के प्राकृतिक आवास की भी पुष्टि हुई थी।

उल्लेखनीय है कि बाघों से आबाद हो चुके पन्ना टाइगर रिज़र्व में जंगल के राजकुमार कहे जाने वाले तेंदुओं की तादाद सर्वाधिक पाई गई है। जाहिर है कि मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट के साथ तेंदुआ स्टेट का दर्जा दिलाने में पन्ना टाइगर रिज़र्व की अहम भूमिका रही है। अब यहाँ के जंगलों में काले भेड़ियों की मौजूदगी यह बताती है कि जैव विविधता के मामले में पन्ना के जंगलों का कोई मुकाबला नहीं है। काले भेड़िया इसके पूर्व पन्ना के अलावा मध्यप्रदेश में कहीं देखे गए हैं या नहीं इसकी प्रामाणिक जानकारी नहीं है। लेकिन जानकारों का यह कहना है कि शायद पन्ना में ये पहली बार देखे गए हैं। राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के पूर्व सदस्य हनुमंत प्रताप सिंह (रजऊ राजा) का कहना है कि काले भेड़िया का पन्ना में देखे जाना पन्ना टाइगर रिज़र्व के लिए बहुत ही सुखद और उत्साह पैदा करने वाली खबर है। आने वाले समय में यदि इनकी संख्या बढ़ती है तो निश्चित ही इससे पर्यटन और बढ़ेगा जिसका लाभ पन्ना को मिलेगा। बताया गया है कि विलुप्तप्राय दुर्लभ भेड़ियों की यह तस्वीर रूपेश कुकाडे ने किशनगढ़ के जंगल से गुजरने वाले हाइवे के पास ली है। आमतौर पर पन्ना टाइगर रिज़र्व में भूरे रंग के भेड़यि नजर आते हैं लेकिन काले रंग के भेड़ियों की यहाँ पर मौजूदगी पहली मर्तबे पाई गई है। ये भेड़यि भी शिकार करने में माहिर होते हैं।

बीएच लैब द्वारा भेड़ियों की तस्वीर ट्वीटर में पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है कि पहली बार भारत में शुद्ध काले भेड़ियों की तस्वीर खींची गई है। तस्वीर में अलग-अलग काले रंग वाले दो भेड़यि दिखाई दे रहे हैं। काले भेड़यि दुर्लभ होते हैं, लेकिन अतीत में अमेरिका सहित कई देशों से इसकी सूचना मिली है। 2009 के एक अध्ययन के अनुसार, काले भेड़यि ऐसे भेड़यि हैं जो एक उत्परिवर्तन रखते हैं। जिसके कारण उनकी खाल काले रंग की हो जाती है। यह उत्परिवर्तन संभवतः पालतू कुत्तों से हुआ था, क्योंकि वे भेड़ियों के साथ प्रजनन करते थे। भारत में भेड़ियों की दो प्रजातियां इंडियन ग्रे वुल्फ और हिमालयन वुल्फ पाई जाती हैं। भारतीय ग्रे वुल्फ राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के हिस्सों में पाए जाते हैं, जबकि हिमालयी भेड़िया ऊपरी हिस्से जैसे हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और सिक्किम में पाए जाते हैं। दोनों को ही लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 के तहत संरक्षित किया गया है। भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा 2022 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया था कि देश में केवल 3100 ग्रे भेड़यि बचे हैं। यही वजह है कि भेड़ियों को भी बाघों की तरह संरक्षण की द्रष्टि से महत्वपूर्ण माना गया है।



## रक्षक ही बने भक्षक रात्रि में जंगल का कर रहे सफाया

### रातों-रात कटवा दिया बफर जोन से लगे क्षेत्र का सागौन का भारी भरकम पेड़

**अजयगढ़।** अजयगढ़ के खोय मोहल्ला जब्बार चच्चा रंगरेज के घर के सामने बफर जोन से लगे क्षेत्र में अंदर जाली के अंदर लगे सागौन के पेड़ को रात्रि में कटवा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार सुरेश प्रजापति चौकीदार और रविंद्र सिंह यादव बीट गार्ड की सांठ-गांठ से यह सागौन का पेड़ कटवाया गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है लेकिन अभी तक पीओआर काटने के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। स्थानी लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले भी सागौन के कई पेड़ काटे जा चुके हैं लेकिन बीट गार्ड और चौकीदार की सांठ-गांठ की वजह से अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी।

## प्रतिदिन निकल रही है श्री राम जी की प्रभात फेरी, युवाओं में उत्साह

### प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत, शहर को सजाया गया

**रामनवमी के दिन आयोजित होगी भव्य शोभा यात्रा हजारों लोग होंगे शामिल**

**पन्ना।**





प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव पन्ना नगर में बड़े धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियां की जा रही है श्री राम जानकी मंदिर में श्री रामचंद्र जी की भव्य झांकी विराजमान की गई है और नित्य पूजा आरती के साथ सुबह प्रभात फेरी निकाली जाती है प्रभात फेरी श्री राम जानकी मंदिर से होकर पूरे नगर में भ्रमण करती है जिसका जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है, प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु भक्तों को अल्पाहार कराकर अस्पताल चौराहे के ब्रजधाम काम्पलेक्स मैं स्वागत किया गया एवं धीरज तिवारी ने अपने घर के सामने मिष्ठान प्रशाद से स्वागत किया श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के सदस्य तरुण पाठक, देवेंद्र सिंह बबलू यादव, कमल लालवानी,कल्लू शुक्ला, अशोक गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रभात फेरी का आयोजन प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9बजे के बीच किया जाता है जिसमें उत्साहित श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि रामनवमी के दिन स्वयं 4 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें डीजे, बैंड, दलदल घोड़ी, और वाद्य यंत्रों के साथ नाचती गेट हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे शोभा यात्रा पन्ना नगर में भ्रमण करते हुए राम जानकी मंदिर पहुंचेगी समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालु भक्तों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है, पूरे नगर को रंग बिरंगी लाइट,प्रकाश, ध्वज, गेट से सजाया जा रहा है, रंग बिरंगी लाइट से सजे पन्ना नगर की सुंदरता बढ़ गई है।

## भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न






### कार्यकर्ताओं का कुशल प्रबंधन ही जीत को ऐतिहासिक बनाएगाः श्री सदानंद गौतम

**पन्ना।**

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक आगामी चुनाव की रणनीतियों को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई बैठक मै मुख्य रूप से जिले के जनप्रतिनिधि,जिला पदाधिकारी,प्रदेश कार्यक्रणी सदस्य,मोर्चा के अध्यक्ष, एवम जिले के बाहर से आए विस्तारको ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक सातानंद गौतम ने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं कि हमें मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देख पाना है लेकिन इसके लिए आवश्यक है कि हमें बी डी भाई साहब को 11 लाख वोटो से जीत दर्ज करवानी है। श्री गौतम ने कहा कि आगामी की मुख्यमंत्री जी का दौरा आप सभी के लिए अपने नेतृत्व क्षमता को निखारने का बड़ा अवसर है ,आपका कुशल प्रबंधन ही मुख्यमंत्री जी की सभा को विशाल रूप में परिवर्तन करने का कार्य कर सकता है। इसके बाद लोकसभा प्रभारी योगेश ताम्रकार ने कहा कि चुनाव के केवल 11 दिन शेष बचे हैं यह तय कि हमारी जीत निश्चित है लेकिन हमें यह भ्रम में नहीं रहना है ,हमें यह प्रयास करना है कि हमे ज्यादा से ज्यादा लोगों की वोटिंग करवा पाए। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमें अपना पूरा ध्यान अपने बूथ पर रखना है और समस्त पदाधिकारी को अपने अपने बूथ में प्रवास करना है तथा बूथ के माध्यम से हम ज्यादा से ज्यादा वोटिंग प्रतिशत को बढ़ा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक पवई प्रहलाद लोधी विधायक गुनौर और श्री राजेश वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार,लोकसभा प्रभारी योगेश ताम्रकार लोकसभा संयोजक श्री सदानंद गौतम जिला अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र मिश्रा, विस्तारक श्री उपेंद्र जी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे जी जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी जी ओर जिले के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

## सलेहा में आयोजित हुआ एक शाम बाबा साहेब के नाम

**सलेहा।**



जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम दिशा में सलेहा से लगे हुए ग्राम मानिकपुर विष्णु मे विगत दिनों 14 अप्रैल को युवा नागवंशी संगठन के तत्वावधान में भारत रत्न, संविधान निर्माता,डां भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई,। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा मे पदेन डां अजय चौधरी, समाज सेवी सीताराम प्रजापति, शिक्षक, राकेश कुमार वर्मा शिक्षक, राम प्रताप, जगलाल जी शिक्षक, नंदलाल चौरसिया, कल्लू कुशवाहा, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामरुप वर्मा उर्फ रामू की संगीत मंडली ने उपस्थित सैकड़ों बाबा के दिवानों को झूमने मे मजबूर कर दिया। बीच-बीच में उपस्थित बुद्धिजीवीयों के उद्बबोधन से समाज की दशा व दिशा की चर्चा की गई, नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के समापन मे युवा नागवंशी संगठन के अध्यक्ष विक्रांत चौरसिया ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो ,,के उद्धोष के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## चैत्र में सावन सा मौसम, बारिश के बीच सर्द हवाओं से बढ़ी ठंडक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

चैत्र महिने में सावन जैसी बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हटा क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच मानसून जैसे हालात बन गए है। शुक्रवार शनिवार की शाम तेज आंधी तूफान के साथ बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच जमकर जोरदार बारिश हुई जिससे इन दोनों बारिश की झड़ी जैसा माहौल देखने को मिला। बारिश के दौरान ऐसी गर्जना थी जैसे की बरसात के मौसम में होती है। मैदान सड़कों के गड्ढों में तथा नालियों में लबालब पानी भर गया इससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कच्ची सड़के व मैदान कीचड़ में तब्दील हो गए। बारिश और ठंडी हवा चलने के कारण ठिठुरन की स्थिति बन गई है। लोग अलमारी में रख चुके जैकेट और कंबल को निकालने मजबूर हो गए। बीते दिनों तपती धूप से बचने लोग जहां गमछा रुमाल तथा टोपी लगाकर सड़क पर चलते नजर आते रहे तो वही मौसम बदलते ही और बारिश के बीच लोग गमछा के बदले छाता तथा रेनकोट का सहारा लेकर बारिश से बचते नजर आए। मौसम विभाग की माने तो अभी आगामी 17 अप्रैल तक बारिश होने के संकेत दिए हैं। इसके बाद धूप निकलेगी और लगातार तापमान में वृद्धि होती जाएगी। इस सप्ताह तक मौसम ठंडा रहेगा।

### कंपाने लगी हवा

इस बीच बेमौसम बारिश के कारण स्थिति यह है कि लोग चार दिनों पहले भीषण गर्मी के कारण एसी तथा कूलर का सहारा लेने लगे थे, लेकिन वर्तमान में पंखे की हवा भी लोगों को कंपकंपा दे रही है।। चल चलती धूप और उमस भरी गर्मी से शरीर को ठंडकता देने के लिए लोग गन्ना जूस ठंडे पेय पदार्थ तथा विभिन्न तरह की फलों का सहारा ले रहे थे, वहीं अब मौसम बदलते ही लोगो ने इनसे दूरी बना ली है। हालांकि मौसम खुलने के बाद और गर्मी पुनः शुरू होते ही यह दुकानें फिर से खुल जाएगी।

## खजुराहो लोकसभा सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार आर.बी. प्रजापति को इण्डिया गठबंधन ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर दिया समर्थन

**पन्ना।**

एमपी की खजुराहो सीट पर सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने के बाद अब कांग्रेस फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी को समर्थन देगी. कांग्रेस के शीर्ष नेता आरडी प्रजापति के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे

खजुराहो लोकसभा सीट पर इंडिया एलायंस के उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने के बाद अब कांग्रेस गठबंधन ने एक नए उम्मीदवार को अपना समर्थन दिया है. कांग्रेस गठबंधन खजुराहो सीट पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को जिताने में अपना पूरा जोर लगाएगी। आरबी प्रजापति अब इंडिया ग्रुप के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। इस कार्यक्रम में सपा के प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस से मुकेश नायक तथा ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लोक के प्रदेशाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में समर्थन की घोषणा की।

### राहुल-अखिलेश करेंगे रोड शो

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने वक्तव्य जारी कर कहा कि श्भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने खुजराहो लोकसभा सीट इंडिया ग्रुप के अपने सहयोगी समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ दी थी. दुर्भाग्य से सत्ता के खुले खेल और लोकतंत्र के सभी मानदंडो के खिलाफ जाकर भाजपा सपा उम्मीदवार का नामांकन खारिज करवाने में सफल हो गई है. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अब इंडिया ग्रुप के एक अन्य सदस्य ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को अपना समर्थन देने का फैसला किया है. वह मध्य प्रदेश के खुजराहो लोकसभा से प्छक्प्। ग्रुप संयुक्त प्रत्याशी होंगे.



### कांग्रेस के शीर्ष नेता करेंगे आर.बी. प्रजापति के लिए प्रचार

उधर पूर्व आईएएस अधिकारी रहे आरडी प्रजापति के समर्थन में कांग्रेस के शीर्ष नेता चुनाव प्रचार और रोड शो करेंगे. गठबंधन का प्रत्याशी तय होने के बाद चुनाव की तैयारी तेज हो गई है. कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा है कि खजुराहो में भले ही समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन बीजेपी ने साजिश कर निरस्त कर दिया हो, लेकिन पार्टी ने अपने गठबंधन में शामिल एक अन्य पार्टी के उम्मीदवार को अपना समर्थन दे दिया है। उनके समर्थन में जोरदार प्रचार के लिए समाजवादी पार्टी के साथ चर्चा हुई है। खजुराहो में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सभा करने की तैयारी है. दोनों नेताओं का संयुक्त रोड शो करने की भी तैयारी है. इसका प्रस्ताव बनाया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस गठबंधन ने खजुराहो लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मीरा यादव को टिकट दिया था, लेकिन उनका नामांकन खारिज हो गया था. इसके बाद कांग्रेस ने आरडी प्रजापति को अपना समर्थन दिया है।

**खबर संक्षेप**

## फरार अपराधी को उत्तरप्रदेश से पकड़ लाई पुलिस



**छतरपुर।** फरार अपराधियों को पकडऩे के लिए चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत महाराजपुर पुलिस ने पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त अपराधी को पुलिस ने उत्तरप्रदेश से पकड़ा है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरभि शर्मा ने बताया कि 6 साल पुराने चोरी के मामले के फरार स्थाई वारंटी भूरा कुशवाहा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम नहदौरा थाना कबरई जिला महोबा उत्तरप्रदेश को उसी के गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। भूरा कुशवाहा के विरुद्ध न्यायालय ने वर्ष 2022 में स्थाई वारंट जारी किया था। कार्यवाही में उपनिरीक्षक अजय सिंह, प्रधान आरक्षक किफायत उल्ला बेग, अजीम, आरक्षक अनिल, योगेश रिछारिया, विवेक पाठक, जयकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध तमंचा लिए घूम रहा था युवक, पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।** बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस ने शहर के नौगांव रोड पर क्रिश्चियन स्कूल के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास पुलिस को अवैध देशी तमंचा मिला, जिसमें कारतूस लोड था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर ने बताया कि उक्त युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते सफल नहीं हो सका। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शनी उर्फ संजय खान उम्र 31 वर्ष निवासी शिल्पशाला मार्ग, टौरिया मोहल्ला छतरपुर बताया। युवक के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### अरविंद व्यास ने बताया : हाई कोर्ट में केवियेट ना लगाने और अदालती खर्च के नाम के मांगे जा रहे थे मुझसे पैसे

# सागर लोकायुक्त टीम ने सहकारिता निरीक्षक नमामि शंकर अग्रवाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** सहकारिता डीआर ऑफिस छतरपुर में निरीक्षक नमामि शंकर अग्रवाल गिरफ्तार। 20 हजार की रिश्वत लेते सागर लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार। बीते दिनों बम्होरी समिति प्रबंधक अरविंद व्यास को केसीसी घोटाले में सस्पेंड किया गया था। जिसमें लगभग 10 अप्रैल को हाई कोर्ट से स्टे मिल गया था।

हाई कोर्ट केवियेट खर्च के 25 हजार रुपए मांगे जा रहे थे, जिसमे 5 हजार पहले प्रभारी प्रबंधक व्यास ने नमामि शंकर अग्रवाल को दिए थे, 20 हजार आज दिए, जिसे सागर लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों नरसिंहगढ़पुरवा घर से निरीक्षक अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। प्रताप सिंह खुराना की जमानत पर लोकायुक्त टीम ने मुचलके पर नमामि अग्रवाल को छोड़ा गया।



केसीसी घोटाले में निलंबित हुए प्रभारी बम्होरी समिति प्रबंधक अरविंद कुमार व्यास को हाई कोर्ट से स्थगन आदेश बीते दिनों मिल गया था। सहकारिता निरीक्षक नमामि शंकर अग्रवाल के रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद सहकारिता विभाग में हडक़ंप की स्थिति निर्मित हो गई। 25 हजार रुपये में बात तय हुई थी और 5 हजार रुपये पूर्व में ले लिए थे। जिसकी शिकायत सहायक समिति प्रबंधक अरविंद व्यास ने 10 अप्रैल को सागर लोकायुक्त में की। लोकायुक्त की डीएसपी मंजू पटेल ने शिकायत का सत्यापन कराया, तो सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाई गई। सोमवार को 20 हजार की रिश्वत लेते सहकारिता निरीक्षक नमामि शंकर अग्रवाल जो सहायक समिति प्रबंधक अरविंद व्यास की शिकायत की जांच कर रहे थे उन्हें पकड़ लिया गया। कार्यवाही के बाद टीम द्वारा उन्हें छोड़ दिया गया।

**इनका कहना है -**

10 अप्रैल को सहायक समिति प्रबंधक द्वारा शिकायत की गई थी। जांच पर शिकायत सही पाई गई और सोमवार को सहकारिता निरीक्षक को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उनके निवास से पकड़ लिया गया। धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

**मंजू पटेल**
**डीएसपी लोकायुक्त सागर**

# वर्तमान में जीना सीख जाओगे तो भविष्य संवर जाएगा: पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में महाराजश्री का विद्यार्थियों से हुआ आध्यात्मिक संवाद

**छतरपुर।** शहर में स्थापित निजी विश्वविद्यालय में बीती शाम बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का युवाओं के साथ आध्यात्मिक संवाद आयोजित हुआ। महाराजश्री ने युवाओं को आगे बढऩे की प्रेरणा देते हुए उन्हें सफल जीवन का फलसफा दिया। उन्होंने कहा कि जो भी विद्यार्थी वर्तमान में जीना सीख जाएगा, उसका भविष्य उज्जवल होगा। विद्यार्थी दुनिया की परवाह न करते हुए अपने लक्ष्य पर अडिग रहें तो सफलता उनके कदम चूमेगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्णा शास्त्री रविवार को गौधुलि बेला में सागर रोड पर स्थित श्री कृष्णा विश्वविद्यालय पहुंचे। महाराजश्री ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम एवं उनके साथियों ने महाराजश्री का भव्य स्वागत किया। डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण देने के दौरान विश्वविद्यालय के नींव रखे जाने से लेकर वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों, कार्यरत स्टाफ के बारे में जानकारी महाराजश्री के सामने रखी। महाराजश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि संकल्प हमेशा काम करता है। संकल्प लेकर उसे सिद्धि तक पहुंचाने के लिए



निरंतर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब परिवार बेटे-बेटी के नाम से जाना जाता है तभी बेटे-बेटी के प्रयास का पता चलता है। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन कार्य के प्रति मेहनत और लगन है, एक दिन में सफलता नहीं मिलती लेकिन सफलता अवश्य मिलती है।

### चेतन मन में विचारों को नियंत्रित करना सीखें

एक प्रश्न का जवाब देते हुए महाराजश्री ने कहा कि मन चेतन और चंचल होता है। इसमें तमाम बुरे विचार भी आते हैं लेकिन विद्यार्थियों को ऐसे विचारों को नियंत्रित करना सीखना है। मन को बहकाने वाले साधनों से दूर रहें। सूर्य उपासना करें, ध्यान करना सीखें और मोबाइल का सिर्फ सदुपयोग करें। भौतिक जगत और आध्यात्मिक जगत की प्रगित के सवाल पर महाराज श्री ने कहा कि भौतिक जगत में प्रगति के लिए साधन की और आध्यात्मिक जगत में पहुंचने के लिए साधना और संतुष्टि की जरूरत होती है।

### भगवान राम ने मनुष्य को दी चुनौतियों से जूझने की शिक्षा

विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने कहा कि भगवान राम ने जब मानव का अवतार लिया तो उन्होंने मानव जाति को यह शिक्षा दी कि यदि भगवान भी मनुष्य का अवतार लेकर धरती पर आएगा तो उन्हें यहां की चुनौतियों से जूझना पड़ेगा। उन्होंने शिक्षा गृहण करने और उसका सही दिशा में उपयोग करने का संदेश दिलाया गया। महाराजश्री ने कहा कि समस्याओं से घबराएं नहीं। कर्म और फल के बारे में महाराजश्री ने कहा कि कर्म आगे चलता है और भाग्य उसके पीछे रहता है लेकिन यदि भगवत कृपा होती है तो सफलता जल्द मिल जाती है, जिसे भाग्य कह दिया जाता है।

### वाहन चालकों से की गई वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील

# रामनवमीं शोभायात्रा के लिए पुलिस ने जारी किया यातायात का रूट मैप

**छतरपुर।** रामनवमी पर शहर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर रामभक्तों के साथ पुलिस और प्रशासन भी तैयारियों में जुटा हुआ है। शनिवार को यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत ने रामनवमीं शोभायात्रा के लिए रूट मैप जारी करते हुए वाहन चालकों से अपील की है कि रामनवमी यानि कि बुधवार 17 अप्रैल को वे शोभायात्रा के लिए निर्धारित किए गए मार्ग का इस्तेमाल करने की बजाय वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत ने बताया कि रामनवमी शोभा यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर गांधी चौक से होते हुए कोतवाली होकर महल तिराहा से गुजरते हुए छत्रसाल चौराहा आएगी, जहां पन्ना और सागर रोड की झांकियां मुख्य शोभायात्रा में शामिल होंगी। तदुपरांत शोभायात्रा आकाशवाणी तिराहे से होते हुए बस स्टैंड की ओर



प्रस्थान करेगी और बस स्टैंड से फव्वारा चौक होते हुए हटवारा बाजार, गांधी चौक से पुनः रामलीला मैदान पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न होगी। इस दौरान दोपहर 1 बजे से रात्रि 10 बजे तक यह मार्ग अवरुद्ध रहेगा। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि शोभायात्रा के दौरान उक्त मार्ग को छोड़कर अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग किया जाए, ताकि चालक असुविधा से बच सकें। वहीं भारी वाहनों का छतरपुर नगर में सुबह 10 से शोभायात्रा समापन तक प्रवेश वर्जित रहेगा। शोभा यात्रा में सम्मिलित समिति एवं सदस्यों, नगर वासियों से अनुरोध किया गया है कि शोभायात्रा के दौरान आकस्मिक सेवा जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन एवं उपचार हेतु जाने वालों को निकलने में सहयोग करें।

## नवरात्रि पर महालक्ष्मी मंदिर में हुए भजन



**छतरपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सिद्धपीठ माता महालक्ष्मी मंदिर में अग्रसेन महिला विकास समिति द्वारा सोमवार को भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने एक से बढ़कर एक देवी भक्ति गीत गाकर माँ की महिमा का वर्णन कर उनकी आराधना की। भजनों के इस कार्यक्रम में समिति की संरक्षक अन्नपूर्णा अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता, सचिव नीता, सांस्कृतिक मंत्री नीतू, सचिव संगीता सौरभ अग्रवाल, संगठन मंत्री रचना, कोषाध्यक्ष रुक्मणी के साथ ही ममता, प्रीति विकास, सीमा, रेखा, पूनम, सीता, गायत्री अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं शामिल थीं।

# मतदान जागरूकता के लिए प्रशासन ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**बुन्देली किरदारों से बने सेल्फी प्वाइंट, युवाओं ने किए बैनर पर हस्ताक्षर**

**छतरपुर।** 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के अंतर्गत छतरपुर जिले की तीन लोकसभा पर मतदान होना है। ज्यादा से ज्यादा मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभा सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को कलेक्टर संदीप जीआर, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, नपा सीएमओ माधुरी शर्मा के नेतृत्व में एक अनूठा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रशासन ने छतरपुर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से चौबे तिराहे तक एक 220 मीटर लंबे बैनर पर मतदान के प्रति अपने संकल्प हेतु लोगों से हस्ताक्षर कराए। पहले स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। इसके बाद सड़क से गुजर रहे आम लोगों से भी इस बैनर पर हस्ताक्षर कराते हुए उन्हें मतदान का संकल्प दिलाया गया। कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को इस महापर्व में अपनी वोट रूपी आहूति देनी है। 26 अप्रैल को 100 प्रतिशत मतदान के लिए हम सभी इस अभियान का हिस्सा बनें। इसी तरह एसपी अगम जैन ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने कहा कि मतदान से ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होता है आईए हम सभी मिलकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान का संकल्प लें। इस अभियान को नगर पालिका ने आयोजित किया था। अभियान के अवसर पर सीएमओ माधुरी शर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि हमारा शहर ज्यादा से ज्यादा जागरूकता का परिचय देकर लोकसभा निर्वाचन में अपनी भूमिका निभाए। इस दौरान नगर पालिका ने बुन्देली चरित्रों के कटआउट्स सेल्फी प्वाइंट बनाए जिसमें आईएम वोटर काकी जैसे स्लोगन लिखे गए। इस पर अपना चेहरा लगाकर लोगों ने खुद की तस्वीरें भी लीं।

# बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर की 133वीं जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

## चल समारोह में घोड़ा, बग्गी, डीजे सहित बग्गी पर सवार होकर बाबा साहब, भगवान बुद्ध की प्रतिमा निकली

**नौगांव।** भारत रत्न डॉ भीम राव आम्बेडकर बाबा साहब की 133वीं जयंती पर बाबा साहब के अनुयायियों एवं समर्थकों के द्वारा रविवार की दोपहर शहर में कार्यक्रम आयोजित कर भव्य तरीके से जन्मदिन मनाया गया। इसके बाद समर्थकों के द्वारा पूरे शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में बग्गियों पर बाबा साहब एवं भगवान बुद्ध सहित संत श्री की प्रतिमा के साथ हजारों की तादाद में युवा एवं महिलाएं जय भीम, जय भीम के नारों पर थिरकते नजर आए। शहर में रविवार की दोपहर 4 बजे के लगभग आंबेडकर समाज भवन में भारत रत्न डॉ भीम राव आम्बेडकर बाबा साहब की 133 वीं जयंती के मौके पर उनके अनुयायियों और समर्थकों के द्वारा बाबा साहब का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाया। जिसमें सबसे पहले समाज के वरिष्ठ लोगों ने बाबा साहब और भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जवलित करते हुई कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसके बाद बाबा



साहब के द्वारा दलित, पिछड़े सहित अन्य समाज के लिए संविधान में दिए गए स्थान और महत्त्व को बताया। इसके बाद समाज के द्वारा एकत्र होकर एक भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसमें बग्गी पर भगवान बुद्ध , बाबा साहब एवं संत श्री की प्रतिमा को विराजमान करके , घोड़ा बग्गी, डीजे सहित बैंड शामिल हुए। चल समारोह में सैकड़ों की तादाद में युवा एवं युवतियां माथे पर नीला टीका एवं हाथ में नीला झंडा लेकर जय भीम-जय भीम का नारा लगाते हुए शामिल हुए तो वहीं कुछ युवा डीजे की धुन पर थिरकते हुए नजर आ आए। साथ ही इस बार पहली बार शहर के यात्रा वाले रूट पर पड़ने वाले चौराहों पर बाबा साहब की प्रतिमा स्वरूप पोस्टर भी चौराहों चौराहों पर सजाया गया।चल समारोह में राजू बिछोले, अनिल अहिरवार, कल्ला अहिरवार, सुनील अहिरवार, दीपक, लखन चड़ारिया, राजेंद्र राही, सोनू बिछोले, देवेन्द्र भारती, गोपाल अहिरवार, नरेंद्र भारती, दीपक अहिरवार, अवधेश, करण, मोहन वर्मा, रविन्द्र, विनोद, राजेश, आकाश, सुरेश, सुरेन्द्र, गोलू, बिट्टू खरारे, जीतेंद्र अहिरवार, मुकेश अहिरवार , आशीष जाटव, सुशील अहिरवार, सुरेन्द्र अहिरवार, बलराम अहिरवार, रामबाबू, राजू अहिरवार, विनय बिछोले, कमलेश कुमार दिनकर, आकाश वाल्मिक, नितिन कुमार सहित सैकड़ों दलित समाज एवं अन्य समाज के लोग मौजूद रहे। चल समारोह आंबेडकर भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापिश भवन भवन पहुंचा। इस दौरान कई जगह समाज एवं अन्य समाज के लोगों के द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया।

# निर्वाना आश्रयग्रह पहुंचे बागेश्वर महाराज

**छतरपुर।** देश के प्रख्यात कथाव्यास और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बीती शाम छतरपुर के देरी रोड पर संचालित होने वाले निर्वाना फाउण्डेशन के आश्रयग्रह में अचानक पहुंच गए। उन्होंने यहां रह रहे बेसहारा, अनाथ, दिव्यांग और लाचार बच्चों के साथ लगभग एक घंटे वक्त गुजारा। एक नेत्रहीन बेटी मोहिनी की सुरीली आवाज में उसके भजन भी सुने। यहां आए बच्चों की कहानियों को जानकर उनका संघर्ष और पारिवारिक पृष्ठभूमि को समझते हुए उनकी आंखें भर आयीं। उल्लेखनीय है कि छतरपुर में संजय सिंह और उनकी धर्मपत्नि के द्वारा पिछले 7 वर्षों से निर्वाना फाउण्डेशन के माध्यम से इस आश्रयग्रह का संचालन किया जा रहा है जिसमें छतरपुर ही नहीं आसपास के जिलों से आने वाले अनाथ, बेसहारा, दिव्यांग, गरीब, लाचार, मानसिक विक्षिप्त लोगों को सहारा दिया जाता है। संजय सिंह ने बताया कि वे किस तरह इन लोगों की सेवा करते हैं, उन्हें अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाते हैं, उनके भीतर कला का विकास करते हैं, किसी विशेष गुण को विकसित करने के लिए उसे अलग से कक्षाएं दिलाते हैं, नेत्रहीन बच्चे भी यहां ब्रेल लिपि से पढ़ते हुए अपने जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं। बागेश्वर महाराज ने इन बच्चों को अपनी ओर से उपहार बांटे और संजय सिंह व उनकी पूरी टीम की न सिर्फ सराहना की बल्कि यह भी कहा कि वे इस संस्थान का पूरा सहयोग करेंगे। संस्थान पूरी तरह से बगैर शासकीय मदद के समाजसेवियों के सहयोग से संचालित हो रहा है। बागेश्वर महाराज ने भी लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग ऐसे संस्थान का सहयोग करें।



## रामनवमीं शोभायात्रा के लिए बागेश्वर महाराज की अपील



बीती शाम देश के प्रख्यात संत बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर चौक बाजार पर सजे श्रीराम दरबार में भगवान के दर्शन करने पहुंचे। इस मौके पर यहां एक विशेष धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सनातनियों से अपील करते हुए छतरपुर की रामनवमीं को भव्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रामनवमीं जैसे त्यौहार सनातन संस्कृति के वाहक हैं। हम सभी को ऐसे त्यौहारों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप शामिल होकर इन त्यौहारों को भव्य बनाकर हिन्दू एकता

# इस बार की रामनवमीं पर बदलेगा शोभायात्रा का स्वरूप

**राम रथ के आगे चलेगा हवनकुण्ड, शहर में निकलेंगे घुड़सवार प्रचारक**

**छतरपुर।** भगवान श्रीराम के अयोध्या मंदिर निर्माण के बाद देश भर में इस बार की रामनवमीं भव्य तरीके से मनायी जा रही है। छतरपुर में रामनवमीं पर आयोजित होने वाली विशाल शोभायात्रा का स्वरूप भी इस वर्ष भव्य और विशेष होने जा रहा है। पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष शोभायात्रा की आयोजक संस्था श्रीराम सेवा समिति ने कई नवाचार किए हैं। कार्यक्रम के संयोजक पंकज पहारिया ने बताया कि इस बार भगवान राम अपने घर में पहुंच गए हैं इसलिए रामनवमीं भी अधिक उत्साह के साथ मनायी जाएगी। रामनवमीं पर निकलने वाली शोभायात्रा देशभर में छतरपुर की पहचान बनाती है इस बार शोभायात्रा के स्वरूप को भव्य और आकर्षक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि इस वर्ष भगवान श्रीराम के रथ को खींचने के लिए कुछ चुनिंदा लोगों को ही अवसर नहीं मिलेगा बल्कि सभी समाज और विभिन्न संस्थान रथ को खींच सकेंगे। इसके लिए यात्रा मार्ग पर सभी को रथ खींचने के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें सभी हिन्दू समाज की जातियां और संस्थान शामिल हैं। पहली बार भगवान श्रीराम रथ के साथ एक हवनकुण्ड चलेगा जिसमें वेद मंत्रों के साथ पूरे मार्ग के दौरान हवन होगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में 40 लोगों की एक टीम रथ के साथ झांझ बजाती हुई चलेगी जबकि 700 कलाकारों का दल देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले शौर्य नृत्य का प्रदर्शन करेगा। रामनवमीं की शोभायात्रा में जिले भर की भागीदारी हो इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस बार प्रचार के तरीके में भी एक नया बदलाव किया गया है। राजतंत्र के समय जैसे राजाओं के द्वारा घुड़सवारों को भेजकर गांव में डुण्डी पिटवाकर सूचनाएं पहुंचायीं जाती थीं उसी तरह 16 अप्रैल को छतरपुर में भी घुड़सवार निकलेंगे और भगवान राम की शोभायात्रा का प्रचार डुण्डी बजाकर करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवार को दी गई चार लाख रुपए की सहायता राशि

**रीवा।** त्योंथर विकासखण्ड के ग्राम मनिका में गत दिवस बोरवेल दुर्घटना में 6 वर्षीय बालक मयंक की दुखद मृत्यु हो गई। मृत बालक के परिजनों को जिला रेडक्रास समिति की ओर से चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सहायता राशि का चेक मृतक के परिजनों को प्रदान कर दिया गया है।

### गंभीर अनियमितता में बिलाबाँग स्कूल रीवा का कार्यालय किया गया सीज



**रीवा।** शासन द्वारा निजी स्कूलों को उनकी स्कूल ड्रेस के अलावा किसी अन्य सामग्री पर स्कूल का नाम अथवा लोगो अंकित न करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही स्कूल से किताबों, कॉपी तथा अन्य सामग्री की बिक्री न करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश का पालन न करने तथा स्कूल का नाम लिखे लोगो लगे बैगों की बिक्री करते पाए जाने पर बिलाबाँग स्कूल चोरहटा रीवा के प्राचार्य का कक्ष एवं कार्यालय सीज कर दिया गया है। शासन द्वारा स्कूल ड्रेस के अलावा अन्य किसी भी सामग्री में स्कूल का नाम अंकित न करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कई अभिभावकों द्वारा बिलाबाँग स्कूल के नाम लिखे तथा मोनो लगे बैग अग्रसेन बुक डिपो द्वारा बिक्री की शिकायत की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मामले में संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर जाँच के निर्देश दिए। टीम द्वारा अग्रसेन बुक डिपो के संचालक से इस संबंध में बयान लिया गया। बयान में बताया गया कि बिलाबाँग स्कूल के बैग स्टीफन स्टोन एकेडमी द्वारा सप्लाई किए जा रहे हैं। इस कंपनी का पता बिलाबाँग स्कूल दर्ज मिला। टीम द्वारा मौके पर जाँच करने पर स्टीफन स्टोन एकेडमी कहीं संचालित नहीं पाई गई। प्राथमिक रूप से स्पष्ट हुआ कि इसका संचालन बिलाबाँग स्कूल से ही किया जा रहा है। प्रिंसिपल कक्ष के पीछे के कक्ष में स्कूल का नाम लिखे एवं लोगो लिखे कई बैग बरामद किए गए। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य एरिक स्वामी तथा स्कूल के संचालक अंकुर काकवानी एवं आशीष काकवानी को नोटिस दिया गया। इनके द्वारा नोटिस का उत्तर नहीं दिया गया है। स्टीफन स्टोन एकेडमी से जुड़े कागजात जाँच पूरी होने तक सुरक्षित रखने के लिए प्रिंसिपल का कक्ष तथा कार्यालय सीज कर दिया गया है। यह कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी आरडी चौधरी तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला द्वारा की गई। कार्यवाही के समय थाना प्रभारी चोरहटा भी उपस्थित रहे।

### उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना तथा सरसों उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की समुचित व्यवस्था करें। उपार्जित गेंहू का उसी दिन परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। सभी सहकारी समितियों को उपार्जन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन न करने तथा लापरवाही बरतने वाली समितियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उसे दूर कराने का प्रयास करें। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन गोदामो को ब्लैकलिस्टेड किया गया है।

## त्योथर से पुलिस ने किया था गिरफ्तार

# मासूम मयंक की मौत का गुनहगार पहुंचा सलाखों के पीछे



रीवा ! जनेह पुलिस ने मनिका गांव में हुए हादसे के असली गुनहगार को गिर तार कर लिया। आरोपी बृजेंद्र मिश्रा के विरूद्ध पुलिस ने गैर इरादत हत्या की धारा 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। सोमवार के दिन न्यायालय में पेश कर त्योथर जेल की सलाखों की पीछे कर दिया गया। बताते चले कि मनिका गांव स्थित बृजेंद्र मिश्रा पिता हीरामणि मिश्रा के खेत मे हुए बोर में 6 वर्षीय मयंक आदिवासी के गिर जाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर कलेक्टर, एसपी और विधायक पहुंच कर मयंक को बचाने के लिए प्रयास करते रहे वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी जनेह मयंक की मौत के गुनहगार को दबोचने के लिए मुखबिर का जाल बिछाते रहे। तीन दिन चले अथक प्रयास के बाद जहां प्रशासन बोर के अंदर लगभग 45 फिट नीचे फंसे मयंक को निकालने में कामयाब हुई वहीं सोमवार को जनेह पुलिस के हाथ भू स्वामी बृजेंद्र मिश्रा भी लग गया। बताया जाता है कि आरोपी त्योथर में अधिवक्ताओं से संपर्क कर हादसे में फंसे अपने गिरेबां को निकालने के लिए राय मशविरा कर रहा था। इस बात की भनक जैसे ही जनेह पुलिस को लगी तो आरोपी को त्योथर में ही घेराबंदी कर दबोच लिया गया। बताते चले कि आरोपी द्वारा तीन साल पूर्व अपने खेत में बोर करवाया गया था। लगभग 70 फिट बोर होने पर भी पानी न निकलने पर बोर को खुला छोड़ दिया था, जो हादसे का कारण बना।

## महिलाएं कर रहीं थी अवैध नशीले कफ सीरप का व्यापार




रीवा

जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत कबड्डी मोहल्ला में नीम के पेड के नीचे बैठे दो महिलाएं नशीली कफ सीरप का कर रही थी अवैध व्यापार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली जहां पुलिस ने दाबिश दी मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच कर देखा कि कबाड़ी मोहल्ला में शिव मदिर के पास नीम के पेड के नीचे 02 संदिग्ध महिलाए 02 अलग अलग झोले लिये नीम के पेड के नीचे बैठी थीं जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास कि जिसे पुलिस ने धर दबोचा और तलाशी ली तो दोनो संदिग्ध महिलाओं के पास 85 सीसी अवैध कोरेक्स बरामद हुआ जिसे पुलिस ने जप्त कर के दोनो संदिग्ध महिलाओं को थाने ले आई और पूछताछ करने लगीं पूछताछ में दोनो महिलाएं अपना नाम माला लोनिया पति अमर सिंह लोनिया उम्र 32 वर्ष वही दूसरी खूशबू सिंह चौहान पति कुंदन सिंह चौहान उम्र 27 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क 06 कवाडी मोहल्ला थाना सिविल लाईन रीवा की होना बताया जिसके ऊपर एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत मुक़दमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## कवि सत्येंद्र सिंह सेंगर के पुत्र शांतनु का लेफ्टिनेंट में हुआ चयन



**रीवा।** मऊगंज जिले के गनिगवां गांव के जाने-माने कवि सत्येंद्र सिंह सेंगर के पुत्र शांतनु सिंह सेंगर का भारतीय सेना में ले टिनेट के पद पर चयन किया गया है। बताते चले कि ले टिनेंट शांतनु के बाबा स्व. रामगोविंद सिंह सेंगर अपने समय में मऊगंज जिले के प्रथम बीएसपी ग्रेजुएट होकर एडिशनल कलेक्टर के पद से सेवा निवृत हुए थे। शांतनु सिंह सेंगर बिना कोचिंग की सहायत लिए यूपीएससी सीडीएस में बैठे साढ़े चार लाख परिक्षार्थियो में चयनित हुए 105 परिक्षार्थियों में 33 वां रैंक लाकर अपनी मातृभूमि का ही नही अपने स्व. बाबा रामगोविंद सिंह एंव पिता कवि सत्येंद्र सिंह सेंगर एवं मां डॉ. सरिता सिंह परिहार सहित अपने परिवार एंव रिश्तेदारों का मान बढ़ाया है। शांतनु सिंह सेंगर के ले ट्निेंट में चयन होने की खबर सुन कर उनको शिक्षा देने वाले ज्योति स्कूल से लेकर टीआरएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी एंव विभागाध्यक्ष संजय शंकर मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए देश की रक्षा किये जाने के लिए आर्शिवाद दिया है। बाक्स शांतनु बाक्सिंग के रहे राष्ट्रीय खिलाड़ी 7 अगस्त 2000 को जन्मे शांतनु बचपन से कुछ बड़ा करने का सपना देखा करते थे। ज्योति सीनियर हायर सेंकड्री स्कूल से 12 वीं पास करने के साथ ही बाक्सिंग के मैदान में विशेष रूचि रखी। भोपाल, दिल्ली और हरियाणा में जाकर बाक्सिंग की कोचिंग की और बाक्सिंग के राष्ट्रीय खिलाडिय़ों में अपना नाम शुमार कर लिया। इसी बीच देश में कोविड का प्रकोप छा गया और शांतनु घर के अंदर सिमट कर रह गये। फिर उन्होने यूपीपीएससी सीडीएस की तैयारी शुरु कर दी। पहले प्रयास में लिखित परीक्षा पास कर चार दिन तक चले इंटरव्यू को पार किया लेकिन पांचवे दिन के इंटरव्यू में वो बाहर हो गये। उसके बाद अपने पिता सुप्रसिद्ध कवि सत्येंद्र सिंह सेंगर के साथी सेनि. कैप्टन प्रदीप सिंह के मार्गदर्शन में दी गई परीक्षा में कामयाबी हासिल कर ली।

## महा वाल्मीर की पंचायत ने डॉ अम्बेडकर का मनाया 133वां जन्म दिन



**रीवा ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाल्मीकि समाज ने संविधान के निर्माता भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती 14 अप्रैल 2024 को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई । बाबा साहब के सभी अनुयायी साईं मंदिर के सामने पार्किंग में एकत्रित हुए। शोभा यात्रा में संगठन व समाज के सभी पदाधिकारी व वरिष्ठ समाज सेवियों के साथ ही माताएं बहने बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में उपस्थित समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एच.आर. शास्त्री ने समाज को संदेश दिया कि हमारे समाज के सभी बच्चे शिक्षित हो अच्छे नागरिक बने देश की सेवा करें नशा मुक्त समाज का निर्माण हो बेटियों की शिक्षा पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जाए संपूर्ण समाज में भाईचारा कायम रहे एवं बाबा साहेब का सपना साकार करें ताकि बाबा साहब का मिशन पूरा किया जा सके। जिनाध्यएक्ष सोनू वाल्मीकि डॉ भीमराव अम्बोडकर जी को नमन करते हुए बाबा साहब के दिए योगदान को याद किया और उनके पद चिन्ह पर चलने का संकल्प लिया। तत्पश्चीत साईं मंदिर से बाबा साहब की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो की मृगनयनी चैराहा, शिल्पी प्लाजा, कॉलेज चैराहा, झिरिया से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची जहां बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष शोभा यात्रा का समापन किया गया। संगठन के उपस्थित पदाधिकारियों एवं शोभायात्रा में उपस्थित जनमानस डॉं भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शोभा यात्रा में प्रदेश मंत्री राजेंद्र करोसिया (सरपंच), संभागीय अध्यक्ष रीवा बुध सिंह करोसिया, नगर अध्यक्ष राजेश सिगौते, किशोरी लाल सनकत, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र करोसिया, पूर्व संभागीय अध्यक्ष सुनील चुटेले, जिला महामंत्री संजय नाहर, प्रवक्ता मुकेश डागौर, जिला सचिव गया प्रसाद वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष राजेश सिगोते, वरिष्ठ समाजसेवी (मुखिया) सीताराम सिगौते, रवि बोहत, मुन्ना डागौर, सुखलाल चोरियां, सफाई कर्मचारी अध्यक्ष नगर निगम अमर नाहर, रोशन सिगौते, कुणाल झांझोट, सूरज पथरोल, ध्रुव सिगौते, अरविंद झांझोट, राजकुमार करोसिया, ऋषि चैधरी, संजय वाल्मीकि, इतवारी सिगौते, राकेश चोरिया, जयंत चोरिया, अरविंद चोरिया, आशीष चोरिया सहित संगठन व समाज के सभी अनुयायियों ने बाबा साहब के जन्म उत्सव पर एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस ने किया न्याय बेरोजगारों नौकरी और महिलाओ को लखपति बनाने की योजना का वादा : राजेंद्र सिंह

**रीवा ।** 26 अप्रैल को रीवा में लोकसभा चुनाव संपन्न होने वाला है ऐसे में चुनाव लड़ रहीं हर पार्टी पूरी ताकत झोंकने में लगी है हुई है अगामी चुनाव को देखते हुए आज पूर्व रीवा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अयोजित पत्रकारवार्ता को विधानसभा अध्यक्ष एवम अमरपाटन विधायक राजेंद्र सिंह ने सम्बोधित किया उन्होंने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा की देश विभिन्न चुनौतियों से गुजर रहा है राष्ट्रहित में सही फैसला लेते हुए प्रतिनिधि चुनने का निर्णय लोग ले उन्होनें कहा की भाजपा संविधानिक संस्थाओं का दुर्पयोग कर लोकतंत्र का गला घोट रही है,,, लोकतंत्र खतरे में है और ऐसी साजिश रची जा रहीं है कि दोबारा चुनाव न हो। संसद में विपक्षी सांसदों को बोलने का अवसर नहीं दिया जाता । सरकार के इशारों पर विपक्ष के नेताओं पर झूठे आरोप लगा कर जेल भेजा जा रहा है उन्होनें कहा की कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रिय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर भाजपा द्वारा फैलाए जा रहें नफरत एवं घृणा को दूर करने के लिए पुरे देश में लोगो को जोड़ने के लिए निकाली गई यात्रा से पुरे देश के लोगे ने लाखों की सांख्य में इक्कठा होकर समर्थन किया । उन्होंने कहा की कांग्रेस को मिलने वाले एक वोट से पांच न्याय होगा। कांग्रेस की सरकार



बनी तो बहनों को 8500 प्रतिमाह प्रतिमाह और 50% महिला को केंद्रीय भर्ती में आरक्षण जातिगत जनगणना 50 % आरक्षण सीमा हटाना है । 30 लाख़ से ज्यादा नौकरियां 400 न्यूनतम मनरेगा मजदूरी सभी को स्वास्थ्य का अधिकार यमएसपी कर्ज माफी फसल बीमा उन्होंने कहा कांग्रेस के न्याय पत्र की घोषणाओं को बताते हुए आगे कहा की एक वर्ष के भीतर खाली पदों पर 30 लाख नौकरियां पेपर लीक से मुक्ति के लिए कानून बनेगा युवाओं के लिए 5000 करोड का स्टार्टप फंड, महालक्ष्मी योजना।

## बच्चों का पेट भरने मादा तेंदुआ ने किया बछड़ों का शिकार

जंगल से निकल गांव में घुस तीन पशुओं को बनाया निवाला वन विभाग ने गांवों को किया अलर्ट



**रीवा ।** जिले वन परिक्षेत्र सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत इटमा में करीब एक सप्ताह में पशुहानी के प्रकरण बढ़ गए है जिसके बाद वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हे जंगली जानवर से सुरक्षित रहने की हिदायत दी।वही सिरमौर परिक्षेत्र में एक मादा तेंदुआ सहित उसके दो बच्चो के घूमने की सूचना है और यही मादा तेंदुआ अपना व अपने बच्चो का पेट भरने रात के अंधेरे में जंगल से बाहर निकल गांव पहुंच रहीं है और घरों के बाहर बंधे गायों व उनके बच्चो को अपना शिकार बना रही है अब तक तीन पालतू जानवरों को तेंदुआ ने शिकार बनाया है जिसके बाद जंगल के करीब गांवों में दहशत का माहौल है तेंदुआ की जानकारी वन विभाग को होने के बाद उन्होंने ग्रामीणों को सचेत किया है की रात में जानवरो को बाहर न बांधे और न ही रात में अकेले खेत की तरफ जाए । इसके साथ ही वन विभाग की टीम रात्रि गस्त कर रही है और जल्द ही जाल बिछा कर तेंदुआ को पकड़ने की योजना भी बना रखी है। फिलहाल अभी तक कोई जनहानि नही हुई है वन विभाग की टीम लागातार सर्चिंग में लगी हुई है।

## प्रशिक्षण की हर जानकारी गंभीरता से आत्मसात करें : मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान के लिए तैनात मतदान कर्मियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के 4 केन्द्रों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण टीआरएस कालेज, मॉडल साइंस कालेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा विधि महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में दिया जा रहा है। विधि महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन मतदान कर्मियों को निर्देशित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी मतदान की महती जिम्मेदारी के लिए तैनात किए जा रहे है। चुनाव प्रशिक्षण में दी गई हर छोटी से छोटी जानकारी को मतदान कर्मी गंभीरता से आत्मसात करें। प्रशिक्षण जितनी तन्मयता से प्राप्त किया जाएगा कार्य उतनी ही सुगंमता से होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की जिज्ञासा अथवा शंका हो तो उसका समाधान कर लें। मतदान कर्मियों को आयोग के निर्देशों के अनुसार समस्त सुविधाएं दी जायेगी। निर्भय होकर मतदान प्रक्रिया संचालित करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कर्मी मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दें। मतदान केन्द्र की व्यवस्था, वोटिंग मशीन के संचालन, माकपोल, मत पत्र लेखा तैयार करने, प्रपत्र 16 की जानकारी तैयार करने तथा मतदान केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पूरी दक्षता प्राप्त कर लें। पूरी निष्पक्षता और निडरता के साथ मतदान सम्पन्न कराएं। प्रशिक्षण में किसी तरह की लापरवाही सहन नही की जाएगी। मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर मतदान सामग्री जमा करने तक की अवधि में सभी मतदान कर्मी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। पीठासीन अधिकारी को मतदान केन्द्र में अपने दल का आगे बढ़कर नैतृत्व करना है। केन्द्र की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन आयोग द्वारा सभी तरह के वैधानिक अधिकार दिए गए हैं। मतदान में किसी तरह की कठिनाई आने पर मौके में पीठासीन अधिकारी को ही निर्णय लेना होगा। इसलिए प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मी मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में सभी निर्देशों का अध्ययन कर लें। ईव्हीएम के संचालन की भी पूरी जानकारी रखें। वास्तविक मतदान से पहले माकपोल कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रपत्र में हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से देनी होगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के अलावा केवल प्राधिकार पत्र प्राप्त व्यक्तियों को ही प्रवेश दें। मतदान की प्रक्रिया हुई निष्पक्षता और निर्भय होकर पूरी करायें प्रत्येक मतदान केन्द्र में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह तथा मास्टर ट्रेनरों ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया, मतपत्र लेखा तैयार करने, मशीनों की सीलिंग, माकपोल, टेण्डर वोट तथा निर्वाचन की समस्त प्रक्रियों की जानकारी दी गयी।

## कम्युनिकेशन प्लान से मिलेगी समय पर सूचना हर सूचना पर तत्काल करें कार्यवाही: कलेक्टर





**रीवा।** मतदान दिवस में निर्वाचन से जुडी प्रत्येक घटना की सूचना के लिए कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। इसमें तैनात कर्मचारियों को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि कम्युनिकेशन प्लान के सभी नम्बरों का परीक्षण मतदान दिवस से पहले अनिवार्य रूप से कर लें। लगभग सभी मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा है। मतदान दिवस के पूर्व कम्युनिकेशन प्लान के लिए तैनात कर्मचारी बीएलओ से अनिवार्य रूप से सम्पर्क करें। उन्हें मोबाइल से संदेश प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दें। मतदान दल के सदस्य भी एनआईसी के माध्यम से विकसित किए गए विशेष कम्प्यूटर प्रोग्राम में मोबाईल से एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजेंगे। इन संदेशों का तत्काल विश्लेषण करके उनके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें।

प्रभारी अधिकारी कम्युनिकेशन प्लान वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा ने बताया कि निर्वाचन संबंधी जानकारियाँ देने के लिए विधानसभावार दल तैनात किए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए रिटर्निंग आफीसर स्तर पर कम्युनिकेशन टीम तैनात की गई है। मतदान दिवस में इसके सदस्य प्रतयेक मतदान केन्द्र की लगातार जानकारी लेकर उसे मोबाइल एप्लीकेशन तथा कम्प्यूटर के माध्यम से दर्ज करेंगे। जिला स्तर से इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी। प्रशिक्षण देते हुए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने कहा कि सभी सेक्टर आफीसर मतदान दल के कर्मचारियों एवं बीएलओ के मोबाइल नम्बरों की सूची दल अपने पास रखें। इसके लिए बार-बार कम्प्यूटर का उपयोग न करें। कम्प्यूटर में मतदान दलों से प्राप्त जानकारी का लगातार विश्लेषण करें। जिस मतदान केन्द्र से जानकारी निर्धारित समय पर प्राप्त नहीं होती है उसे फोन से तत्काल सूचित करें। बीएलओ के साथ एक अन्य स्थानीय कर्मचारी को सूचनाएं देने के लिए तैनात किया गया है। मतदान से तीन दिवस पूर्व पूरी टीम कार्य करने लगेगी। मतदान दल के निर्धारित स्थल पर पहुंचने से लेकर मतदान से जुड़ी हर जानकारी समय पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। प्रशिक्षण में जिला तथा तहसील स्तरीय कम्युनिकेशन टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी त्योंथर को किया निलंबित

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने त्योंथर विकासखण्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। श्री पाण्डेय को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराने के संबंध में दिए गए आदेश का पालन न करने तथा अपने कार्यक्षेत्र में अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल का सत्यापन कराए बिना वरिष्ठ कार्यालयों को भ्रामक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के कारण निलंबित किया गया है। श्री पाण्डेय द्वारा बोरवेलों का सत्यापन ठीक से न कराने के कारण ग्राम मनिका में खुले बोरवेल में 6 वर्षीय बालक के गिरने से उसकी दुखद मौत हो गई। कमिश्नर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत निलंबन के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में श्री पाण्डेय का मुख्यालय जिला पंचायत कार्यालय रीवा रहेगा। श्री पाण्डेय को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।